सम-सामयिक
# घटना चक्र
परीक्षा संवाद के 29 वर्ष

ssgcp.com
t.me/ssgcp
ssgc.gs.qa
ssghatnachakra
SamsamyikGhatna

# 2022

# करेन्ट अफेयर्स प्वाइंटर

का
## संक्षिप्त मासिक संकलन
(15 फरवरी, 2022 तक अद्यतन)

ई-बुक पढ़ें
अपडेटेड रहें
देखें पृष्ठ - 40




₹ 25/-

# आर्थिक समीक्षा 2021-22 एक नज़र में

## जीडीपी वृद्धि दर

स्थिर मूल्यों पर, प्रतिशत में




**अंतिम अनुमान #पहला अग्रिम अनुमान @ अनुमानित

## राजकोषीय घाटा

जीडीपी का प्रतिशत




*अनंतिम वास्तविक **बजट अनुमान

## विदेशी मुद्रा भंडार


बिलियन डॉलर में, मार्च अंत




*31 दिसंबर, 2021

## मुद्रास्फीति

औसत, प्रतिशत में




*अप्रैल-दिसंबर, 2021

## कृषि, वानिकी और मत्स्यपालन

मूलभूत कीमतों पर वृद्धि, प्रतिशत में





## औद्योगिक वृद्धि दर

मूलभूत कीमतों पर सकल मूल्य वृद्धि, प्रतिशत में




## सेवा क्षेत्र मूलभूत कीमतों पर

सकल मूल्य वृद्धि, प्रतिशत में




*पहला संशोधित अनुमान **अनंतिम अनुमान #पहला अग्रिम अनुमान

## खाद्यान्न उत्पादन

मिलियन टन में




चावल, गेहूं, मोटा अनाज और दालें शामिल हैं

• चौथा संशोधित अनुमान

## शीर्ष 5 निर्यात वस्तुएं (प्रतिशत के रूप में)

| वर्ग क्रम | वस्तु | हिस्सेदारी (प्रतिशत में) 19-20 | 20-21 | (अप्रैल-नवंबर) 20-21 | 21-22 (P) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पेट्रोलियम उत्पाद | 13.2 | 8.8 | 8.8 | 14.9 |
| 2. | मोती, अर्ध कीमती पत्थर | 6.6 | 6.2 | 5.6 | 6.8 |
| 3. | लोहा और इस्पात | 3.0 | 4.2 | 4.4 | 6.0 |
| 4. | ड्रग फॉर्म्युलेशन, बायोलॉजिकल | 5.1 | 6.5 | 7.1 | 4.7 |
| 5. | सोने और अन्य कीमती धातु के आभूषण | 4.4 | 2.3 | 2.2 | 2.8 |
| | भारत का कुल निर्यात | 100 | 100 | 100 | 100 |


## शीर्ष 5 आयातित वस्तुएं (प्रतिशत के रूप में)

| वर्ग क्रम | वस्तु | हिस्सेदारी (प्रतिशत में) 19-20 | 20-21 | (अप्रैल-नवंबर) 20-21 | 21-22 (P) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पेट्रोलियम कच्चा | 21.6 | 15.1 | 14.2 | 19.2 |
| 2. | सोना | 5.9 | 8.8 | 5.6 | 8.7 |
| 3. | पेट्रोलियम उत्पाद | 5.9 | 5.9 | 5.9 | 6.3 |
| 4. | मोती, कीमती, कीमती पत्थर | 4.7 | 4.8 | 4.2 | 5.0 |
| 5. | कोयला, कोक और ब्रिकेट, आदि। | 4.7 | 4.1 | 4.4 | 4.9 |
| | भारत का कुल आयात | 100 | 100 | 100 | 100 |

| समूह/वस्तु | प्रमुख फसलों का उत्पादन (मिलियन टन) (2019-20) | (2020-21*) | प्रमुख फसलों के अंतर्गत सकल क्षेत्र (मिलियन हेक्टेयर) (2019-20) | (2020-21*) | प्रमुख फसलों की प्रति हेक्टेयर पैदावार (किग्रा./हेक्टेयर) (2019-20) | (2020-21*) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| खाद्यान्न | 297.5 | 308.6 | 127.0 | 129.3 | 2343 | 2386 |
| दालें | 23.0 | 25.7 | 28.0 | 28.8 | 823 | 892 |
| चावल | 118.9 | 122.3 | 43.7 | 45.1 | 2722 | 2713 |
| गेहूं | 107.9 | 109.5 | 31.4 | 31.6 | 3440 | 3464 |
| ज्वार | 4.8 | 4.8 | 4.8 | 4.2 | 989 | 1128 |
| मक्का | 28.8 | 31.5 | 9.6 | 9.9 | 3006 | 3195 |
| मूंगफली | 10.0 | 10.2 | 4.8 | 6.1 | 2063 | 1676 |
| गन्ना | 370.5 | 399.3 | 4.6 | 4.9 | 80 # | 82 # |
| कपास ** | 36.1 | 35.4 | 13.5 | 13.0 | 455 | 462 |

नोट : * चतुर्थ अग्रिम अनुमान ** : 170 किग्रा. की गांठें # टन / हेक्टेयर

## 2021-22 (अप्रैल-नवंबर) में शीर्ष दस निर्यात गंतव्य देश (हिस्सा प्रतिशत में)




## 2021-22 (अप्रैल-नवंबर) में शीर्ष दस आयात स्रोत (हिस्सा प्रतिशत में)




## वर्ष 2020-21* शीर्ष तीन उत्पादक राज्य

| फसल/फसल समूह | राज्य | उत्पादन (मिलियन टन में) |
|---|---|---|
| चावल | पश्चिम बंगाल | 16.65 |
| | उत्तर प्रदेश | 15.66 |
| | पंजाब | 12.18 |
| गेहूं | उत्तर प्रदेश | 35.50 |
| | मध्य प्रदेश | 17.62 |
| | पंजाब | 17.14 |
| मक्का | कर्नाटक | 5.18 |
| | मध्य प्रदेश | 3.58 |
| | महाराष्ट्र | 3.44 |
| दालें | मध्य प्रदेश | 5.30 |
| | राजस्थान | 4.31 |
| | महाराष्ट्र | 4.30 |
| कुल खाद्यान्न | उत्तर प्रदेश | 58.32 |
| | मध्य प्रदेश | 31.96 |
| | पंजाब | 29.77 |
| मूंगफली | गुजरात | 4.13 |
| | राजस्थान | 1.93 |
| | तमिलनाडु | 0.94 |
| सोयाबीन | महाराष्ट्र | 6.20 |
| | मध्य प्रदेश | 4.61 |
| | राजस्थान | 1.09 |
| सूरजमुखी | कर्नाटक | 0.11 |
| | हरियाणा | 0.02 |
| | ओडिशा | 0.02 |
| कुल-तिलहन | राजस्थान | 7.94 |
| | महाराष्ट्र | 6.69 |
| | मध्य प्रदेश | 6.68 |
| गन्ना | उत्तर प्रदेश | 177.67 |
| | महाराष्ट्र | 101.59 |
| | कर्नाटक | 42.09 |
| कपास[क] | महाराष्ट्र | 9.59 |
| | गुजरात | 7.27 |
| | तेलंगाना | 5.99 |
| जूट और मेस्ता[ख] | पश्चिम बंगाल | 7.61 |
| | बिहार | 0.98 |
| | असम | 0.80 |

टिप्पणी : क : 170 किग्रा. वजन वाली मिलियन गांठों का उत्पादन।
ख : 180 किग्रा. वजन वाली मिलियन गांठों का उत्पादन।
* : चौथे अग्रिम अनुमान के अनुसार।




# करेन्ट अफेयर्स प्वाइंटर

## का

# संक्षिप्त मासिक संकलन

(15 फरवरी, 2022 तक अद्यतन)

## बजट (2022-23) की प्रमुख विशेषताएं

### बजट, 2022-23 में चार प्राथमिकताओं पर जोर

- पीएम गति शक्ति
- समावेशी विकास
- उत्पादकता संवर्धन और निवेश, उदीयमान अवसर, ऊर्जा संक्रमण और जलवायु परक कार्य
- निवेश का वित्तपोषण

### पीएम गति शक्ति

- सात इंजनों यथा सड़क, रेल, एयरपोर्ट, पोर्ट्स, सार्वजनिक परिवहन, जलमार्ग और लॉजिस्टिक अवसंरचना से संचालित
- राष्ट्रीय मास्टर प्लान, जिसका उद्देश्य विश्वस्तरीय आधुनिक अवसंरचना तथा लॉजिस्टिक सहक्रिया है
- एक्सप्रेस-वे के लिए मास्टर प्लान तैयार करना,वर्ष 2022-23 में 25000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का काम पूरा करना
- पीपीपी के तहत 4 मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना, जिसके लिए वर्ष 2022-23 में ठेके दिए जाएंगे
- वन स्टेशन वन प्रोडक्ट
- कवच का क्षेत्र विस्तार
- नई जनरेशन की 400 वंदे भारत ट्रेन्स
- परंपरागत सड़कों के दीर्घकालिक विकल्प के रूप में नेशनल रोपवे डेवलपमेंट प्लान

देश अमृत महोत्सव को मनाते हुए प्रवेश कर चुका है – **अमृत काल में**

### अमृत काल के लक्ष्य

- विकास एवं समग्र समावेशी कल्याण पर ध्यान का केंद्रण
- प्रौद्योगिकी जनित विकास, ऊर्जा संक्रांति और जलवायु परक कार्य को प्रोत्साहन
- निजी निवेश से प्रारंभ होकर बहुतायत सार्वजनिक पूंजी निवेश तक चलने वाला सदचक्र

### कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण

- गंगा नदी से सटे कृषक भूमि से प्रारंभ होने वाली रसायन मुक्त प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहन
- कदन्न उत्पादों के फसलोपरांत मूल्य संवर्धन, उपभोग और ब्राण्डिंग को प्रोत्साहन
- पीपीपी मोड में किसानों को डिजिटल और हाईटेक सेवाओं की उपलब्धता
- किसानों की सहायता के लिए किसान ड्रोन्स का प्रयोग
- कृषि स्टार्ट-अप्स को वित्तपोषित करने के लिए सम्मिश्रित पूंजी से कोष की स्थापना
- केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन, जिसमें 9.1 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचाई, 62 लाख लोगों के लिए पेयजल ओर 103 मेगावॉट विद्युत उत्पादन का लाभ मिल सकेगा
- ऐसी ही 5 और परियोजनाएं क्रियान्वयन की प्रक्रिया में

## शिक्षा

- गुणवत्ताप्रद शिक्षा का सार्वभौमीकरण
- वन क्लास वन टीवी चैनल कार्यक्रम को 200 टीवी चैनलों पर दिखाना
- महत्वपूर्ण चिंतन कौशल और उत्प्रेरित शिक्षण परिवेश को बढ़ावा देने के लिए आभासी प्रयोगशालाएं और कौशलपरक ई-प्रयोगशालाएं
- एक डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी, जिसमें विश्वस्तरीय गुणवत्ताप्रद सार्वभौमिक शिक्षा प्रदान की जाएगी
- डिजिटल टीचरों के माध्यम से उच्च गुणवत्ताप्रद ई-विषय-वस्तु उपलब्ध कराई जाएगी


## कौशल विकास

- ऑनलाइन ट्रेनिंग को बढ़ावा देने के लिए कौशल एवं आजीविका हेतु डिजिटल इकोसिस्टम (DESH-Stack e-portal)
- Drone-As-A-Service के लिए ड्रोन शक्ति की सुविधा हेतु स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा दिया जाएगा

## स्वास्थ्य


- नेशनल डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम को लागू किया जाएगा
- गुणवत्ताप्रद परामर्श के लिए नेशनल टेली मेंटल हेल्थ प्रोग्राम को शुरू किया जाएगा
- एकीकृत कार्यक्रम- मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 को शुरू किया जाएगा
- दो लाख आंगनवाड़ियों का सक्षम आंगनवाड़ियों में समुन्नयन

### स्वास्थ्य के तहत बजट अनुमान, 2022-23 में व्यय (करोड़ रुपये में)




## सभी समावेशी कल्याण पर ध्यान का केंद्रण

- हर घर नल से जल- इसमें वर्ष 2022-23 में 3.8 करोड़ परिवारों को कवर किया जाएगा
- पीएम आवास योजना, 2022-23 में 80 लाख घरों का निर्माण कार्य पूरा किया जाना है
- PM-DevINE : उत्तर-पूर्व में आवश्यकता आधारित अवसंरचना एवं सामाजिक विकास के लिए धन।
- महत्वाकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम : महत्वाकांक्षी जिलों के पिछड़े हुए ब्लॉकों के विकास के लिए
- वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम- विकास से वंचित पूर्वी सीमा के गांवों के विकास का लक्ष्य
- डाकघरों द्वारा डिजिटल बैंकिंग- शत-प्रतिशत डाकघरों में आधारभूत बैंकिंग व्यवस्था
- डिजिटल पेमेंट्स- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के द्वारा 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग यूनिट्स की स्थापना।




## उत्पादकता संवर्धन एवं निवेश


### ईज ऑफ डूइंग बिजनेस 2.0

- विश्वास आधारित शासन
- आईटी सेतुओं के माध्यम से केंद्र एवं राज्य स्तरीय प्रणालियों का समेकन
- PARIVESH Portal के क्षेत्र का विस्तार
- भू-दस्तावेजों के आईटी आधारित प्रबंधन हेतु यूनीक लैण्ड पार्सल आइडेंटीफिकेशन नंबर
- कंपनियों के स्वैच्छिक समापन के लिए C-PACE की स्थापना
- सरकारी अधिप्राप्ति में एण्ड-टू-एण्ड (End-to-End) ऑनलाइन सिस्टम और श्योरिटी बॉण्ड का उपयोग
- एवीसीजी प्रोत्साहन कार्यबल
- पीएलआई स्कीम के अंतर्गत 5जी को समर्थन
- उद्योग, स्टार्टअप ओर एकेडेमिया के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास का प्रारंभ

### ईज ऑफ लिविंग


- चिपयुक्त ई-पासपोर्ट को जारी किया जाना
- भवन उपनियमों का आधुनिकीकरण, शहरी नियोजन स्कीमों का क्रियान्वयन और संक्रमण उन्मुखी विकास
- शहरी नियोजन के लिए उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना
- शहरी क्षेत्रों में चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के विकल्प के रूप में बैटरी स्वैपिंग नीति को लागू करना

**➡ बजट अनुमान 2022-23 में पीएलआई योजना के तहत आवंटन (करोड़ रुपये में)**




**➡ निवेश का वित्तपोषण**

- वर्ष 2022-23 में निजी निवेश और मांग को बनाए रखने के लिए सार्वजनिक निवेश
- वर्ष 2022-23 से आरबीआई के द्वारा डिजिटल रुपये का संचलन निवेश के लिए वित्तपोषण
- पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता (वर्ष 2022-23 में 35.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वर्ष 2020-21 के 5.54 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 7.50 लाख करोड़ रुपये)




**➡ कर प्रस्ताव**

- गलतियों को ठीक करने के लिए करदाताओं को 2 वर्ष के भीतर अद्यतन रिटर्न दायर कर सकने की अनुमति देना
- विकलांग व्यक्तियों के लिए कर में राहत देना
- सहकारी समितियों के लिए वैकल्पिक न्यूनतम कर दर और अधिभार में कमी करना
- आभासी परिसंपत्ति के अंतरण से होने वाली आय पर 30 प्रतिशत का कर लगाना
- आय या लाभ पर लगने वाले किसी भी सरचार्ज या उपकर को व्यापारिक व्यय न माना जाना।
- पूंजीगत माल और परियोजना आयातों में रियायती दरों को धीरे-धीरे समाप्त कर दिया जाएगा और 7.5 प्रतिशत की आसान टैरिफ दर लागू की जाएगी
- स्टील के कबाड़ पर भी सीमा शुल्क से छूट को लागू करना
- श्रृंप (Shrimp) एक्वाकल्चर के लिए जरूरी कतिपय इनपुट्स पर शुल्क में कटौती
- अनब्लैंडड ईंधन पर अतिरिक्त विचलन उत्पाद शुल्क लगाया जाएगा

**➡ मंत्रालयवार आवंटन (करोड़ रुपये में)**

| | | |
|---|---|---|
| **संचार मंत्रालय** | ⟶ | 105406.82 |
| **रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय** | ⟶ | 107715.38 |
| **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय** | ⟶ | 132513.62 |
| **ग्रामीण विकास मंत्रालय** | ⟶ | 138203.63 |
| **रेल मंत्रालय** | ⟶ | 140367.13 |
| **गृह मंत्रालय** | ⟶ | 185776.55 |
| **सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय** | ⟶ | 199107.71 |
| **उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय** | ⟶ | 217684.46 |
| **रक्षा मंत्रालय** | ⟶ | 525166.15 |

- ➡ 'कारोबारी सुगमता 2.0' एवं जीवन की सुगमता निर्भर है – **"विश्वास आधारित शासन" पर**
- ➡ वर्ष 2022-23 में घरेलू उद्योग से रक्षा क्षेत्र के लिए पूंजीगत क्रय बजट – **68 प्रतिशत**

**➡ कार्बन तटस्थ अर्थव्यवस्था की दिशा में संक्रमण**

- उच्च प्रभावी मॉड्यूलों के विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन हेतु 19,500 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव
- थर्मल पॉवर संयंत्रों में 5 से 7 प्रतिशत बॉयोमास पेलेट को जलाने का प्रस्ताव, 38 एमएमटी कार्बन डाइऑक्साइड की कमी का अनुमान
- कोल गैसीकरण तथा कोयले को रसायन में बदलने के लिए 4 प्रमुख परियोजनाएं भी लाई जाएंगी
- आरएएमपी (RAMP) कार्यक्रम का कार्यान्वयन - 5 वर्षों के दौरान 6,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ


**➡ राज्यों को बृहत राजकोषीय दायरा**

- सकल राजकोषीय घाटे में कमी
- वर्ष 2020-21 सं.अनु. : 4.6 प्रतिशत
- वर्ष 2021-22 ब.अनु. : 3.7 प्रतिशत
- राज्यों को जीएसडीपी के 4 प्रतिशत तक राजकोषीय घाटे की अनुमति, जिसमें 0.5 प्रतिशत विद्युत क्षेत्र में सुधार से संबंधित
- अर्थव्यवस्था में समग्र निवेश को प्रोत्साहित करने में राज्यों की सहायता के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का आवंटन
- आरबीआई द्वारा डिजिटल रुपया को लागू करना
- संसाधन जुटाने के लिए ग्रीन बॉण्ड
- वेंचर कैपिटल एवं निजी इक्विटी निवेश द्वारा निवेश बढ़ाने के उपाय
- सनराइज सेक्टर के लिए विशेष वित्तपोषण

➡ ISRO द्वारा किस मिशन का प्रक्षेपण किया गया? (14 फरवरी,2022) **- PSLV-C52/EOS-04**

➲ कहां से किया गया? **- सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार, श्रीहरिकोटा**

➲




➲ EOS-04 है **- रडार इमेजिंग उपग्रह**

➲ INS-2TD है **- एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शक उपग्रह**

➲ INSPIREsat-1 है **- छात्र उपग्रह (Student Satellite)**

➲ INSPIREsat-1 का विकास किसने किया है? **- इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी (IIST), तिरुवनंतपुरम ने (अमेरिका, ताइवान एवं सिंगापुर के विश्वविद्यालयों के सहयोग से)**

➲

**प्रक्षेपित उपग्रह : प्रमुख विशेषताएं**

| उपग्रह | द्रव्यमान (किग्रा.) | ऊर्जा | मिशन अवधि |
|---|---|---|---|
| **EOS-04** | **1710** | **2280** | **10 वर्ष** |
| **INS-2 TD** | **17.5** | **42** | **6 माह** |
| **INSPIREsat-1** | **8.1** | **30** | **1 वर्ष** |

➡ वार्षिक 'विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन,2022' (WSDS, 2022) का आयोजन किसके द्वारा किया गया? (16-18 फरवरी,2022) **- द एनर्जी एण्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (TERI) द्वारा**

➲ यह इस शिखर सम्मेलन का कौन-सा संस्करण था? **- 21वां**

➲ इस शिखर सम्मेलन का केंद्रीय विषय **- टूवर्ड्स ए रेजीलिएंट प्लैनेट : एनश्योरिंग ए सस्टेनेबल एण्ड इक्वीटेबल फ्यूचर**

➡ ICC (इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल) द्वारा जनवरी, 2022 हेतु घोषित प्लेयर ऑफ द मंथ (पुरुष) **- कीगन पीटरसन (दक्षिण अफ्रीका)**

➲ प्लेयर ऑफ द मंथ (महिला) **- हीथर नाइट (इंग्लैण्ड)**

➡ IPL, 2022 हेतु खिलाड़ियों की नीलामी में सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी **- ईशान किशन (मुंबई इण्डियंस, 15.25 करोड़ रु.)**

➲ सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी **- लियाम लिविंगस्टोन (पंजाब किंग्स, 11.5 करोड़ रु.)**

➡ ICC U-19 क्रिकेट विश्व कप, 2022 का आयोजन कहां किया गया? **- (14 जनवरी- 5 फरवरी, 2022 वेस्टइण्डीज में**

➲ इस प्रतियोगिता का विजेता **- भारत (5 वां खिताब)**

➲ उपविजेता **- इंग्लैण्ड**

➲ प्लेयर ऑफ द सीरीज **- डेवाल्ड ब्रेविस (दक्षिण अफ्रीका)**

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस प्रतिमा को राष्ट्र को समर्पित किया? (5 फरवरी, 2022) **- स्टैच्यू ऑफ इक्वालिटी को**

➲ यह प्रतिमा किस भक्ति संत की स्मृति में स्थापित की गई है? **- श्री रामानुजाचार्य**

➲ श्री रामानुजाचार्य का संबंध किस सदी से है? **- 11वीं**

➲ यह प्रतिमा कहां स्थापित है? **- हैदराबाद में**

➲ इस प्रतिमा की ऊंचाई कितनी है? **- 216 फीट**

➲ यह प्रतिमा निर्मित है **- पंचलोह से**

➲ पंचलोह है **- पांच धातुओं (सोना, चांदी, तांबा, पीतल एवं जस्ता) का एक संयोजन**

➡ किसके जन्म की 125वीं वर्षगांठ 23 जनवरी, 2022 को मनाई गई? **- नेताजी सुभाष चंद्र बोस**

➲ इस उपलक्ष्य में नेताजी की एक भव्य प्रतिमा को कहां पर स्थापित करने का निर्णय लिया गया? **- इण्डिया गेट पर**

➲ यह प्रतिमा किसकी बनी होगी? **- ग्रेनाइट की**

➲ मुख्य प्रतिमा का काम पूरा होने तक नेताजी की कौन-सी प्रतिमा इण्डिया गेट पर स्थापित की गई है? **- होलोग्राम प्रतिमा**

➲ होलोग्राम प्रतिमा किसके द्वारा संचालित है? **- 30,000 ल्यूमेंस के 4K प्रोजेक्टर द्वारा**

➲ नेताजी के जन्म की वर्षगांठ को प्रतिवर्ष किस दिवस के रूप में मनाया जाएगा? **-पराक्रम दिवस (23 जनवरी)**




➡ किस शहर में उत्तर प्रदेश के पहले खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया गया है ? (2 जनवरी, 2022) **- मेरठ**

➲ इसका शिलान्यास किसके द्वारा किया गया है ? **- नरेंद्र मोदी**

➲ उत्तर प्रदेश का पहला खेल विश्वविद्यालय कौन-सा है ? **- मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय**

➡ देश का पहला एलपीजी युक्त (LPG-enable) व धुआं मुक्त प्रदेश कौन है ? (2 जनवरी, 2022) **- हिमाचल प्रदेश**

➡ किस राज्य का हाईकोर्ट, देश की पहली पेपर लेस अदालत बन गई है ? (1 जनवरी, 2022) **- केरल हाईकोर्ट**

➡ किस राज्य ने महिलाओं के लिए नई नीति, 2021 का अनावरण किया है ? (30 दिसंबर, 2021) **- तमिलनाडु**

➡ पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण-पत्र के सत्यापन हेतु डिजिटल सेवा लागू करने वाला पहला राज्य कौन-सा है ? (29 दिसंबर, 2021) **- ओडिशा**

➡ किस राज्य ने e-RUPI को लागू करने के लिए NPCI और SBI के साथ साझेदारी की है ? (29 दिसंबर, 2021) **- कर्नाटक**

➡ प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश की किस मेट्रो रेल परियोजना का उद्‌घाटन किया ? **- कानपुर मेट्रो रेल परियोजना (कॉरिडोर-1)**

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्‌घाटित 356 किमी. लंबी बीना-पनकी मल्टी प्रोडक्ट पाइपलाइन परियोजना की क्षमता कितनी है ? **- 34 लाख, 50 हजार मीट्रिक टन प्रतिवर्ष**

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस संस्थान के दीक्षांत समारोह में ब्लॉकचेन आधारित डिजिटल डिग्री देने का शुभारंभ किया ? **- आईआईटी कानपुर**

➡ तमिलनाडु के किस शहर में डैशबोर्ड निगरानी प्रणाली 'सीएम डैशबोर्ड तमिलनाडु 360' को लांच किया गया है ? (दिसंबर, 2021) **- चेन्नई**

➡ उत्तर प्रदेश सरकार ने झांसी रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर क्या कर दिया ? (दिसंबर, 2021) **- वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन**

➡ अटल नवाचार रैंकिंग (ARIIA, 2021) में किस संस्थान को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ ? (29 दिसंबर, 2021) **- आईआईटी मद्रास (लगातार तीसरी बार)**

➲ किस श्रेणी में **-CFTIs/ केंद्रीय विश्वविद्यालय/ राष्ट्रीय महत्व के संस्थान (तकनीकी)**

➲ किसने जारी किया ? **- शिक्षा मंत्रालय व अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद**

➡ 27 दिसंबर,2021 को किसने चौथा राज्य स्वास्थ्य सूचकांक जारी किया ? **- नीति आयोग**

➲ सूचकांक में किस अवधि को संदर्भ वर्ष के रूप में लिया गया है ? **- वर्ष 2019-20**

➲ बड़े राज्यों में समग्र स्वास्थ्य प्रदर्शन के मामले में शीर्ष एवं अंतिम स्थान पर कौन-से राज्य हैं ? **- क्रमश: केरल व उत्तर प्रदेश**

➲ बड़े राज्यों में शीर्ष दूसरे व तीसरे स्थान पर कौन-से राज्य हैं? **- क्रमश: तमिलनाडु व तेलंगाना**

➡ सुशासन सूचकांक (GGI), 2021 कब जारी किया गया ? **- 25 दिसंबर, 2021 को**

➲ इस सूचकांक को किसने जारी किया ? **- अमित शाह (केंद्रीय गृह मंत्री)**

➲ इस सूचकांक को किसके द्वारा तैयार किया गया ? **- प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (DARPG)**

➲ यह सूचकांक केंद्रित है **- 'न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन'**

➲ GGI, 2021 में कितने क्षेत्र और संकेतक शामिल किए गए हैं ?